पत्र संख्या –पुर०–01/2026 ..........896.............. /रा० (13)

बिहार सरकार

**मंत्रिमंडल सचिवालय विभाग (राजभाषा)**

फणीश्वरनाथ रेणु, हिन्दी भवन, छज्जूबाग,

पटना–800001, मो० नं० 9472270215

E-mail–rajbhasha@bihar.gov.in

## सरकारी सेवक प्रोत्साहन पुरस्कार योजना

<u>2026–27</u>

दिनांक :- 08.09.2026

सरकारी काम–काज में राजभाषा हिन्दी के उत्कृष्ट प्रयोग के लिए मंत्रिमंडल सचिवालय विभाग (राजभाषा) द्वारा सरकारी सेवक प्रोत्साहन पुरस्कार योजना संचालित है। इस योजनान्तर्गत तीन कोटियों के पुरस्कार निम्नवत् देय हैं:–

| क्र० सं० | पुरस्कार की कोटि | पुरस्कारों की कुल संख्या | प्रति पुरस्कार की राशि | कुल राशि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 1 | जिला स्तर पर न्यायिक पदाधिकारियों के लिए (प्रत्येक जिला के लिए एक) | 38 | 10,000 | 380000 |
| 2 | जिला स्तर पर पदा०/कर्म० के लिए (प्रत्येक जिला के लिए एक) | 38 | 10,000 | 380000 |
| 3 | सचिवालय स्तर पर पदा०/कर्म० के लिए (प्रत्येक विभाग के लिए एक) | 48 | 10,000 | 480000 |

उपर्युक्त तीनों कोटियों के पुरस्कारों के लिए निर्धारित मानदण्ड एवं प्रक्रिया संबंधी आलेख की छायाप्रति राज्य के संबंधित सभी जिला एवं सत्र न्यायाधीश, सभी जिलाधिकारी एवं सरकार के सभी अपर मुख्य सचिव/प्रधान सचिव/सचिव/प्रमंडलीय आयुक्त/विभागाध्यक्ष को भेजी जाती है। इस पुरस्कार प्रतियोगिता में भाग लेने के इच्छुक जिला स्तर पर न्यायिक पदाधिकारी, जिला स्तर पर पदा०/कर्म० एवं सचिवालय स्तर पर पदा०/कर्म० निर्धारित मानदण्ड एवं प्रक्रिया के अन्तर्गत अपनी प्रविष्टियाँ (अपने मोबाईल नं० के साथ) अपर सचिव–सह–निदेशक, मंत्रिमंडल सचिवालय विभाग (राजभाषा), फणीश्वरनाथ रेणु हिन्दी भवन, छज्जूबाग, पटना–800001 को निर्धारित तिथि 30.09.2026 तक अपने विभाग के माध्यम से भेज सकते हैं।

7/9

**(एस० एम० परवेज़ आलम)**

अपर सचिव–सह–निदेशक

मंत्रिमंडल सचिवालय विभाग (राजभाषा)

F:\VIVEK 2026\Vijay Sir\pur-01-2026-24-Aug 2026.docx